# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 16 अगस्त 2026, समय 18:10

## मुख्य समाचार:

- आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चित्तौड़गढ़ में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया।
- आज हरियाणा के करनाल और बल्लभगढ़ में तिरंगा यात्रायें निकाली गई।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंजाब के युवाओं से अपना जीवन नशे के हाथों में न सौंपने का आहवान किया।
- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने महारानी अवंती बाई लोधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा- स्वतंत्रता संग्राम में वीरांगनाओं के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

**********************************************************************************

राष्ट्र ने आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बनने से पूर्व, लंबे समय तक विपक्ष में रहे, फिर भी उन्होंने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और यही कारण है कि उन्हें अजातशत्रु कहा जाता था। श्री शाह ने यह बात भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर आज राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में उनकी प्रतिमा का अनावरण के अवसर पर कही।

*16 अगस्त आज ही के दिन अटल जी हम सबके बीच में से विदा लिए। अटल जी की याद में इस पवित्र भूमि पर आज एक बहुत बड़ी 21 फीट की प्रतिमा लगाने का काम और एक भव्य स्मारक बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया है।*

*************************************************************************

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भी आज करनाल में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया और कहा कि उनका जीवन, विचार और राष्ट्र सेवा की भावना सदैव देशवासियों को प्रेरणा देती रहेगी।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी का राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण, विचारों में दृढ़ता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के प्रति उनकी निष्ठा ने उन्हें भारतीय राजनीति का एक ऐसा युगपुरुष बनाया, जिनकी स्मृति सदैव देशवासियों के मन में जीवंत रहेगी। उन्होंने कहा कि अटल जी के विचार, दूरदर्शी नेतृत्व और उच्च आदर्श राष्ट्र सेवा के पथ पर हम सभी का निरंतर मार्गदर्शन करते रहेंगे।

*************************************************************************

करनाल में आज "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। हाथों में तिरंगा लिए बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए और भारत माता की जय के नारे लगाये। केंद्रीय मंत्री स्वयं भी बाइक पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और लोगों का उत्साह बढ़ाया।

उल्लेखनीय है कि देशभर में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।

*************************************************************************

आज बल्लभगढ़ में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में सेक्टर-3 पुल से तिगांव रोड और बस अड्डा बाजार होते हुए बल्लभगढ़ खंड स्तरीय कार्यालय तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति के उत्साह को बढ़ाया। यात्रा में हजारों लोगों ने "भारत माता की जय, "वंदे मातरम्" और "जय हिंद" के नारों के साथ, हाथों में तिरंगा लेकर हिस्सा लिया। श्री गुर्जर ने नागरिकों से राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने तथा देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया।

*************************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू-ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के युवाओं से अपने जीवन को नशे के हाथों में न सौंपने का आह्वान किया। श्री सैनी आज पंजाब के अमृतसर के रामपुरा स्थित सुलहाकुल मंदिर में आयोजित सत्संग के दौरान साध संगत को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम नाम का सिमरन मन को स्थिर करता है, विवेक को जागृत करता है और मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में भी सही मार्ग चुनने की शक्ति देता है। युवा कुछ समय ईश्वर-स्मरण के लिए निकले और अपने माता-पिता के सपनों को अपना संकल्प बनाएं। उन्होंने गुरु नगरी अमृतसर की धरा को पवित्र ,त्याग, तपस्या, भक्ति, वीरता और मानव सेवा की धरा बताते हुए कहा कि भारत सदियों से आध्यात्मिक प्रकाश से पूरी दुनिया को आलोकित करता

आ रहा है। श्री नायब सिंह सैनी ने परम पूज्य संत श्री साहिब दयाल जी द्वारा शुरू किये गए इस आध्यात्मिक मिशन द्वारा मानवता के लिए निरंतर हो रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तब साकार होगा, जब विकास के साथ संस्कार हों, समृद्धि के साथ संवेदना हो, शक्ति के साथ संयम हो और प्रगति के साथ प्रकृति तथा परमात्मा का स्मरण हो। उन्होंने लोगों से देश के विकास में प्रधानमंत्री श्री मोदी का साथ देने की अपील की। मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में भाजपा के सत्ता में आने के बाद नशा बेचने वालों को राज्य से बाहर खदेड़ दिया जाएगा और गुंडागर्दी को ख़त्म करके स्वच्छ प्रशासन दिया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा वंदे मातरम के अपमान पर उन्होंने कहा-

उन्होंने पंजाब की "आम आदमी पार्टी की सरकार" पर चुनावी वायदा खिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि वे ईमानदार शासन देने में विफल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था अब राज्य का मेहनती युवा अपने आपको ठगा-सा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा ही नहीं महिला और कर्मचारी वर्ग भी राज्य सरकार से परेशान है।

**********************************************************************

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने महारानी अवंती बाई लोधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में वीरांगनाओं और महान योद्धाओं के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। महारानी अवंती बाई लोधी को महान व्यक्तित्व बताते हुए उन्होंने कहा कि उन जैसी महान विभूतियों का जीवन युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। केन्द्रीय मंत्री, वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की जयंती के उपलक्ष्य में आज करनाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री मनोहर लाल ने कहा कि महारानी अवंती बाई लोधी ने 1857 की क्रांति के दौरान अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया था। उन्होंने अंग्रेजों से जमकर लोहा लिया और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महारानी अवंती बाई लोधी के आदर्शों को आत्मसात करने और राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा गौरव को मजबूत करने का संकल्प लिया।

**********************************************************************

रक्षाबंधन के पर्व के मद्देनजर डाक विभाग ने राखी भेजने के लिए विशेष ' वाटरप्रूफ लिफाफे' जारी किए हैं जिनकी कीमत मात्र 10 रुपये रखी गई है। जींद मुख्य डाकघर के मुख्य डाकपाल नरेश कुमार ने बताया कि बारिश में इन लिफ़ाफ़ों में राखी सुरक्षित रहेगी।

उन्होंने बताया कि आकर्षक दिखने वाले इन लिफ़ाफ़ों पर डाकघर का लोगो, राखी की सुंदर आकृति और 'हैप्पी राखी' अंकित है। श्री नरेश कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय डाक पर नियमानुसार छूट भी दी जाती है। उन्होंने बहनों से विदेशों में रह रहे भाइयों को राखी समय पर पहुंचाने के लिए त्योहार से कम से कम 10 से 15 दिन पहले डाक भिजवाने का आग्रह किया है।

**********************************************************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने इस वर्ष जून में हुई यूजीसी-नेट परीक्षा के 84 विषयों के अनंतिम उत्तर जारी कर दिए हैं। छात्र परसों (18 अगस्त) तक आधिकारिक यूजीसी नेट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उत्तर कुंजी को चुनौती दे सकते हैं। इसके लिए 200 रुपए प्रति प्रश्न का प्रोसेसिंग शुल्क देना होगा, छात्रों के लिए प्रत्येक चुनौती के समर्थन में दस्तावेज प्रमाण भी प्रस्तुत करना अनिवार्य है। किसी अन्य माध्यम से भेजी गई चुनौतियों पर विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा एजेंसी ने बताया कि शेष तीन विषयों अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र के प्रश्न पत्रों में विभिन्न प्रकार की त्रुटियों से संबंधित शिकायतों की जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी। समिति की सिफारिशों के आधार पर इन तीनों विषयों के संबंध में अलग से सार्वजनिक सूचना आज जारी की जाएगी।

**********************************************************************